भारत सरकार
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4360
उत्तर देने की तारीख 27 मार्च, 2023
सोमवार, 6 चैत्र, 1945 (शक)

उद्‌योग-संस्थान को परस्पर जोड़ना

4360. श्री उपेन्द्र सिंह रावत:

क्या कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य में कौशल विकास मिशन में उद्‌योग-संस्थान को परस्पर जोड़ने को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत साझेदारी करने वाले उद्‌योगों का ब्योरा क्या है और इस प्रकार की साझेदारी का स्वरूप क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विदेशी शैक्षिक संस्थानों और उद्‌योगों के साथ साझेदारी की है ताकि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और व्यावसायिक कौशल प्रदान किया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है; और

(घ) क्या उत्तर प्रदेश राज्य में ऐसी साझेदारियां शुरू की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख) मंत्रालय ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से, कौशल भारत मिशन के अंतर्गत भागीदारी के लिए उद्‌योगों से जुड़ने की पहल की है। एनएसडीसी ने 37 क्षेत्र कौशल परिषदों (एसएससी) को उद्‌योग-नीत निकायों के रूप में स्थापित किया है जो प्रशिक्षण आवश्यक विश्लेषण, पाठ्‌यक्रम विकास, प्रशिक्षण, आकलन और प्रमाणन को रोल आउट करने में सहायता करते हैं। एसएससी की सूची **अनुबंध-I** पर संलग्न है। एसएससी के कार्यों में उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र शामिल हैं।

पीएमकेवीवाई 2.0 और 3.0 के अंतर्गत, उद्योगों/नियोक्ताओं के सहयोग से आरपीएल परियोजनाओं को उत्तर प्रदेश के 74 जिलों में कार्यान्वित किया गया था। इन परियोजनाओं के माध्यम से 5,64,359 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया और 5,16,727 उम्मीदवारों को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया गया। कुछ प्रमुख उद्योगों/नियोक्ताओं में ओरेन, अर्बन क्लैप, डिजिटूंज मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्रा. लिमिटेड, एचसीएल, एटीएस, सिटीबैंक, हैवेल्स इंडिया लिमिटेड, मेंटर ग्राफिक्स इंडिया प्रा. लिमिटेड, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, विप्रो लिमिटेड, पार्क एवेन्यू, जी4एस सिक्योर सोल्यूशन (इंडिया) लिमिटेड, वेव ग्रुप, तोशिबा, नुवा शू, सरोवर होटल्स, ओरियंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, जुबिलेंट केमसिस लिमिटेड, यूनिकेम लेबोरेटरीज लिमिटेड, जेनपैक्ट, क्रेडाई, रिलायंस डिजिटल, लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, बीपीसीएल, ओयो, बीएसएनएल, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, वोल्वो, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, हेटिच इंडिया प्रा. लिमिटेड शामिल हैं।

(ग) और (घ) उद्योग स्तर के सहयोग के लिए, एमएसडीई के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने विभिन्न देशों में संगठनों/निकायों के साथ 23 बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि नियोक्ता को जॉब प्रशिक्षण, क्षमता-निर्माण आदि से जोड़ा जा सके। इसके अलावा, एनएसडीसी कुशल और प्रमाणित श्रमिकों के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकलापों के लिए राज्य के कौशल विकास मिशनों के साथ भी सहयोग कर रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) सहित राज्य कौशल विकास मिशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, वाराणसी, उत्तर प्रदेश में कुशल भारत अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (एसआईआईसी), डीपी वर्ल्ड के सहयोग से स्थापित किया गया है - जो दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित एक अमीराती बहुराष्ट्रीय रसद कंपनी है और खाड़ी देशों में मांग वाले क्षेत्रों अर्थात रसद, बंदरगाह संचालन आदि में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती है। कैम्ब्रिज इंग्लिश ने 2 मार्च 2023 को एसआईआईसी में एक अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला शुरू की है। एसआईआईसी, वाराणसी में उम्मीदवारों के अंग्रेजी के मौजूदा स्तर को समझने के लिए कैम्ब्रिज द्वारा एसआईआईसी में एक प्री-डायग्नोस्टिक टेस्ट भी आयोजित किया गया था।

<u>अनुबंध-I</u>

'उद्योग-संस्थान को परस्पर जोड़ना' के संबंध में 27.03.2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4360 के उत्तर के संदर्भ में

क्षेत्र कौशल परिषदों (एसएससी) की सूची:

क्र.सं.	**क्षेत्र**	**एसएससी का नाम**
1	एयरोस्पेस और एविएशन	विमानन
2	कृषि	भारतीय
3	परिधानों	परिधान,
4	ऑटोमोटिव	ऑटोमोटिव
5	सौंदर्य और कल्याण	सौंदर्य
6	बीएफएसआई	बैंकिंग,
7	पूंजीगत वस्तुएं	पूंजीगत
8	निर्माण	भारतीय
9	घरेलू कामगार	घरेलू
10	इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर	इलेक्ट्रॉनिक
11	खाद्य प्रसंस्करण	खाद्य
12	फर्नीचर फिटिंग	फर्नीचर
13	रत्न और आभूषण	जेम्स
14	ग्रीन जॉब्स	स्किल
15	हस्तशिल्प	हस्तशिल्प
16	स्वास्थ्य देखभाल	स्वास्थ्य
17	हाइड्रोकार्बन	हाइड्रो
18	इंफ्रास्ट्रक्चर उपकरण	इंफ्रास्ट्रक्चर
19	आयरन स्टील	भारतीय
20	इंस्ट्रुमेंटेशन स्वचालन निगरानी और संचार	इंस्ट्रुमेंटेशन
21	आईटी आईटीईएस	आईटी-आईटीईएस
22	चमड़ा	चमड़ा
23	जीव विज्ञान	जीवन
24	संभार तंत्र	रसद
25	प्रबंध	प्रबंधन
26	मिडिया	मीडिया
27	खुदाई	खनन
28	पेंटिंग और कोटिंग	पेंट्स
29	विकलांग व्यक्ति	पीडब्ल्यूडी
30	पाइपलाइन	भारतीय
31	पावर	विद्युत
32	खुदरा	रिटेलर्स
33	रबड़	रबड़
34	खेल	खेल,
35	दूरसंचार	भारतीय
36	कपड़ा और हथकरघा	कपड़ा
37	पर्यटन और आतिथ्य	पर्यटन

****